# अभ्यास टेस्ट पेपर कक्षा-8 (सप्ताह-7)

**प्रश्नों की कुल संख्या-40** | **समय- लगभग 90 मिनट**

**विद्यार्थी का नाम-** ........................................................................ **शाला उपस्थिति पंजी क्र.-** ..............

**शाला का नाम-** ........................................................**वि.ख.** - ........................ **जिला-** ....................

## टेस्ट प्रशासनकर्ता के लिए निर्देश

**( टेस्ट प्रारंभ करने से पहले निर्देशों को ध्यान से पढ़ें )**

- **प्रथम व अंतिम पेज की सभी प्रविष्टियां अनिवार्यतः पूर्ण कराएं।**
- यह परीक्षण विद्यार्थी की जानकारी, समझ एवं परम्परागत प्रश्नों से हटकर नए पैटर्न के प्रश्नों आधारित टेस्ट के अभ्यास के अवसर देने के लिए है।

1. बच्चों को टेस्ट पेपर बाँटें।
2. बच्चों से कहें कि ''प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं, उनमें से केवल एक ही विकल्प सही उत्तर है।''
3. बच्चों को निर्देश दें कि ''प्रश्न को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से प्रश्न का उत्तर ढूँढ़ें।''
4. **सही उत्तर के विकल्प को अंतिम पेज पर दी गई तालिका में भरें।**
5. परीक्षण पुस्तिका में निम्नानुसार तीन विषयों के कुल 40 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

   भाग-1: हिन्दी प्रश्न 1-10

   भाग-2: गणित प्रश्न 1-10


   भाग-3: विज्ञान प्रश्न 1-10

- भाग-4: सामाजिक विज्ञान प्रश्न 1-10

---

## भाग-1 : हिन्दी

**निर्देश- निम्नलिखित पोस्टर पढ़कर, दिए गए प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए -**



प्र.1 2019 नोवल कोरोना वायरस बीमारी का दूसरा नाम है।

(A) COVID-19 (B) COVN-19 (C) Conv-20 (D) Convid-19

प्र.2 कोरोना वायरस से बचने के लिए कौन-सी सावधानी बरतने की जरूरत है?

(A) छींकते और खाँसते समय अपनी नाक और मुँह को रूमाल/टिशू से ढंके

(B) खाने में आइसक्रीम खाँए।

(C) भीड़ - भाड़ वाली जगह में जाएँ

(D) आँखों नाक और मुँह को बार-बार छुएँ

प्र.3 इस विज्ञापन का उद्देश्य क्या है ?

(A) लोगों को कोरोनावायरस से बचाना (B) वायरस फैलने देना

(C) कोरोना वायरस से भयभीत करना (D) बिना मास्क लगाए घूमने देना

प्र.4 कोरोना वायरस से दूसरों को एवं स्वयं को कैसे बचाया जा सकता है?


(A) खाँसने छींकने वाले व्यक्ति के पास जाकर (B) संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में रहकर

(C) मुँह और नाक को बिना ढके बात करके (D) वायरस से बचाव के सभी उपाय अपनाकर

प्र.5 कोरोना वायरस से बचाव के लिए आपस में कम से कम कितनी दूरी रखना चाहिए।

(A) 1 मीटर (B) 2 मीटर (C) 4 मीटर (D) 6 मीटर

**निर्देश- पोस्टर को पढ़कर प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए -**




प्र.6 डेंगू के सामान्य लक्षण क्या है?

(i) तेज बुखार (ii)पीठ में दर्द

(iii) त्वचा पर दाने (iv)मुँह और नाक से खून आना

(A) (i) एवं (ii) (B) (ii) एवं (iii) (C) (i), (iii) एवं (iv) (D) (i) एवं (iv)

प्र.7 उपर्युक्त पोस्टर के आधार पर डेंगू के बारे में कौन सी बात सही है?

(A) डेंगू के मरीज के शरीर में उचित अनुपात में जल जरूरी नहीं है

(B) एडीज एजिप्टी मच्छर डेंगू फैलाने वाले वायरस के मुख्य धारक है।

(C) डेंगू मच्छरों को खुले कचरे में फलने -फूलने दें।

(D) डेंगू वायरस से संक्रमित मच्छर ता उम्र इसे फैलाने में सक्षम होते है।

प्र.8 डेंगू के मुख्य धारक हैं-

(A) संक्रमित मनुष्य (B) संक्रमित मक्खी (C) संक्रमित मधुमक्खी (D) संक्रमित मच्छरदानी

प्र.9 डेंगू से गंभीर ग्रसित व्यक्ति को आप क्या सलाह देंगे?

(A) उसे घर पर नहीं रहना चाहिए (B) उसे दवाई नहीं लेना चाहिए

(C) उसे चिकित्सक की सलाह लेना चाहिए (D) उसे इधर-उधर घूमना चाहिए

प्र.10 डेंगू बुखार के प्रमुख कारक कितने है?

(A) सात (B) तीन (C) दो (D) पॉच

## भाग-2 : गणित

**निर्देश : प्रत्येक प्रश्न के नीचे दिए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए** -

प्र.1 प्रथम दस सम संख्याओं का माध्य (mean) क्या होगा?

(A) 11 (B) 10 (C) 12 (D) 5

प्र.2 कमीजें बेचने वाले एक दुकानदार को अपने स्टाक की आपूर्ति करनी है। उसके द्वारा बेची गई विभिन्न मापों की शर्ट का एक सप्ताह का रिकार्ड इस प्रकार है-

| माप (से.मी. में) | 85 | 90 | 95 | 105 | 110 | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बेची गई कमीजों की संख्या | 8 | 22 | 32 | 6 | 5 | 73 |

स्टाक की आपूर्ति के लिये उसे आँकड़ों के किस प्रतिनिधि मान की आवश्यकता होगी?

(A) माध्य (mean) (B) माध्यक (median) (C) बहुलक (mode) (D) इनमें से कोई नहीं

प्र.3 एक कक्षा के 15 विद्यार्थियों के भार इस प्रकार हैं-

**38, 42, 35, 37, 45, 50, 32, 43, 43, 40, 36, 38, 43, 38, 47**

इस आँकड़ों की परास और माध्यक क्रमशः हैं-

(A) 18 एवं 40 (B) 18 एवं 50 (C) 38 एवं 47 (D) 38 एवं 43

प्र.4 10 लड़कियों की ऊँचाइयाँ से.मी. में मापी गई और निम्नलिखित परिणाम प्राप्त हुए-

**135, 150, 139, 128, 151, 132, 146, 149, 143, 141**

इनकी ऊँचाइयों का माध्य निम्न में से क्या होगा?

(A) 131.5 (B) 141.5 (C) 141.4 (D) 130.1


प्र.5 नीचे दिये गये दंड आलेख में किसी क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रथम 10 ओवर में 5 टीमों द्वारा बनाए गए रनों को प्रदर्शित किया गया है। किन दो टीमों के बीच रनों का अंतर सर्वाधिक है?

(A) टीम A और टीम D


(B) टीम C और टीम E

(C) टीम B और टीम D

(D) टीम A और टीम C



प्र.6 संलग्न दंड आलेख में किसी परिवार द्वारा वर्ष 2019 के पाँच महीनों में माहवार बिजली की खपत को दर्शाया गया है। वे महीने कौन से हैं जिनमें बिजली की खपत का अंतर 400 यूनिट है।





(।) जनवरी और अप्रैल

(ठ) जनवरी और मई

(ब) फरवरी और अप्रैल

(क) फरवरी और मई

प्र.7 संलग्न दंड आलेख 5 टीमों द्वारा वर्ष 2020 में खेले गए एक दिवसीय क्रिकेट मैच की संख्या को प्रदर्शित करता है। टीम ठ और टीम क द्वारा खेले गए मैचों का अनुपात कितना है?





(।) 1 : 2

(ठ) 1 : 4

(ब) 3 : 5

(क) 5 : 6

प्र.8 किसी शाला के विद्यार्थियों की संख्या को कक्षावार नीचे दिए गए दंड आलेख में दर्शाया गया है। इस दंड आलेख हेतु उचित कथन कौन-सा है?




(।) कक्षा 3 में विद्यार्थियों की संख्या 60 है

(ठ) कक्षा 2 के विद्यार्थियों की संख्या कक्षा 3 के विद्यार्थियों से 15 अधिक है।

(ब) शाला में कक्षा 1 से 5 तक कुल 280 विद्यार्थी हैं।

(क) शाला में सबसे कम विद्यार्थी कक्षा 1 में हैं।

प्र.9 निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म एक ही परिमेय संख्या को निरुपित नहीं करता है?

(।) $\frac{1}{3}$ और $\frac{3}{9}$ (ठ) $\frac{-3}{5}$ और $\frac{12}{-20}$ (ब) $\frac{-5}{9}$ और $\frac{-20}{36}$ (क) $\frac{-5}{-9}$ और $\frac{12}{-27}$

प्र.10 किन्हीं दो परिमेय संख्याओं $a$ व $b$ के लिये निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

(A) $a+b$ सदैव एक परिमेय संख्या होगी। (B) $a-b$ सदैव एक परिमेय संख्या होगी।

(C) $ab$ सदैव एक परिमेय संख्या होगी। (D) $a \div b$ सदैव एक परिमेय संख्या होगी।

## भाग-3 : विज्ञान

**निर्देश : प्रत्येक प्रश्न के नीचे दिए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए -**

प्र.1 जब हम 15 ग्राम का एक पत्थर और 15 ग्राम चिड़िया का पंख निश्चित ऊँचाई (20 मीटर) से नीचे फेकते हैं तो जमीन पर पहले गिरेगा -

(A) पंख (B) पत्थर

(C) दोनों साथ में (D) कोई निश्चित नहीं पहले क्या गिरेगा

प्र.2 एक बर्तन में मैदा, थोडी सी चीनी, एक चुटकी यीस्ट पाउडर मिलाकर गूँथ लें। दो घण्टे पश्चात् यीस्ट के जनन व श्वसन के कारण -

(A) आटा सूख जाता है (B) आटा फूल जाता है

(C) आटा पिचक जाता है (D) आटे में कोई परिवर्तन नहीं होता


प्र.3 चित्र में दर्शाए अनुसार कोई अलार्म घड़ी एक बर्तन में रखी गई है, अलार्म की ध्वनि बर्तन के पास खड़े व्यक्ति को स्पष्ट सुनाई देती है, अब यदि बर्तन के अंदर से वायु को पूरी तरह निकाल दिया जाए तो पास खड़े व्यक्ति के लिए अलार्म ध्वनि की प्रबलता कैसे प्रभावित होगी -

(A) ध्वनि की प्रबलता बढ़ जाएगी

(B) ध्वनि की प्रबलता कम हो जाएगी

(C) ध्वनि सुनाई देना बंद हो जाएगी

(D) ध्वनि की प्रबलता अपरिवर्तित होगी




प्र.4 यदि आप शुक्र ग्रह पर हैं तो आपको सूर्यास्त किस दिशा में दिखाई देगा ?

(A) पूर्व दिशा मे (B) पश्चिम दिशा में (C) उत्तर दिशा में (D) दक्षिण दिशा में

प्र.5 रोली की बहन राशि 12 वर्ष की है तो क्या आप बता सकते हैं कि राशि ने अभी तक सूर्य की कितनी परिक्रमा कर ली होगी ?

(A) 10 परिक्रमा (B) 1 परिक्रमा (C) 12 परिक्रमा (D) 6 परिक्रमा

प्र.6 बुझो वायुप्रदूषण कम करने में योगदान करना चाहता है, वह अपने विद्यालय जाने के लिए किस वाहन का उपयोग करे ?

(A) ई-रिक्शा (B) कार (C) स्कूल बस (D) स्कूटर

प्र.7 कचरे के ढेर से एक गाय कचरा खा रही थी किन्तु कुछ दिनों के पश्चात् गाय का पेट फूल गया और उसकी मृत्यु हो गई, गाय की मृत्यु होने का कारण है ?


(A) गाय ने सब्जी एवं फलों के छिलके अधिक खा लिये थे।

(B) गाय ने लोगों के द्वारा फेंके गये खाद्य पर्दार्थो के साथ पॉलीथीन। व प्लास्टिक रैपर भी खा लिये थे।

(C) गाय को कचरे के ढेर में कोई खाद्य पदार्थ नहीं मिला।

(D) गाय को कचरे में आ रही दुर्गन्ध के कारण उसकी मृत्यु हो गई।

प्र.8 चित्र में दर्शाए अनुसार प्रकाश पृष्ठ S1, S2 तथा S3 पर आपतित हो रहा है किन पृष्ठों पर आपतन कोण, परावर्तन कोण के बराबर होगा –




(A) केवल S1 में

(B) केवल S1 तथा S3 में

(C) केवल S2 तथा S3 में

(D) सभी तीनों पृष्ठों में

प्र.9 नर शिशु में विकसित होने वाले युग्मनज में निम्न में से कौन से गुणसूत्र होंगे ?

(A) xx (B) केवल x (C) xy (D) केवल y

प्र.10 एड्स किसी संक्रमित व्यक्ति से दूसरे स्वस्थ व्यक्ति में किसके जरिए फैल सकता है ?

(A) साथ भोजन करने से (B) पीड़ित के द्वारा रक्तदान से

(C) साझे कंघे के प्रयोग से (D) मच्छर के काटने से

## भाग-4 : सामाजिक विज्ञान

**निर्देश : प्रत्येक प्रश्न के नीचे दिए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए**

प्र.1 दिए गए यंत्र को देखें। यह क्या दर्शाता है?




(A) वायुमंडलीय दाब (B) पवन की गति

(C) पवन की दिशा (D) वायुमंडलीय तापमान

प्र.2 परमाणु संयत्र से संबंधित राज्यों का कौन-सा विकल्प सही है।

(A) मध्यप्रदेश, तमिलनाडु (B) कर्नाटक, मिजोरम

(C) महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश (D) तमिलनाडु, बिहार

प्र.3 संघवाद, संसदीय व्यवस्था, शक्ति का पृथक्करण, मौलिक अधिकार और धर्म-निरपेक्षता, विशेषता है:

(A) भारतीय कानून की (B) भारतीय न्यायपालिका की

(C) भारतीय संविधान की (D) भारतीय संसद की

प्र.4 दिए गए चित्र में भू-आकृति की पहचान करें ।



(A) वलित पर्वत (B) भ्रंशोत्थ पर्वत

(C) पठार (D) ज्वालामुखी


प्र.5 निम्न को सुमेल करके सही उत्तर चुनिए ।

| A | | B | |
|---|---|---|---|
| (i) | कैस्पीयन सागर | (a) | सबसे बड़ी झील |
| (ii) | ज्वारभाटा | (b) | समुद्री जल का क्रमिक उतार-चढ़ाव |
| (iii) | सुनामी | (c) | भूकंपीय तरंगें |
| (iv) | सागरीय धाराएँ | (d) | सागरीय जल सरिता का प्रवाह |

(A) i-a, ii-b, iii-c, iv-d (B) i-d, ii-c, iii-b, iv-a

(C) i-c, ii-d, iii-a, iv-b (D) i-d, ii-b, iii-a, iv-c

प्र.6 नीचे दिये गये मानचित्र को देखिए-




छायांकित क्षेत्र में कौन-सी फसल बहुतायत में उगाई जाती है?

(A) सोयाबीन (B) गेहूँ

(C) चावल (धान) (D) बाजरा

प्र.7 अगर आप अपनी कक्षा में हैं और भूकम्प आता है, तो खुद को बचाने के लिये तत्काल आप क्या करेंगे ?

(A) मदद के लिए पुकारेंगे। (B)शिक्षक के निर्देश का इंतजार करेंगे।

(C) जहाँ हैं वहीं शान्ति से बैठ जाएँगे। (D)अपने सिर को ढँक कर उसे बचाएँगे।

प्र.8 निम्नलिखित में से उपनिवेशीय शासन के दौरान भारतीय हथकरघा उद्योग के निम्नीकरण के क्या कारण थे?

(A) मशीनों द्वारा निर्मित सस्ती वस्तुओं का ब्रिटेन से आयात।

(B) भारत के द्वारा ब्रिटेन को निर्यातित वस्तुओं पर भारी करों का आरोपण।

(C) भारत से ब्रिटेन को निर्यात किए जाने वाले कच्चे माल की नीतियाँ।

(D) उपरोक्त सभी


प्र.9 नीचे दिये गये रेखाचित्र में कौन-सा जलवायु प्रदेश 10°N अक्षांश से 10°S अक्षांश के बीच दर्शाया गया है ?

(A) ध्रुवीय जलवायु प्रदेश

(B) भूमध्यरेखीय जलवायु प्रदेश

(C) शीतोष्ण जलवायु प्रदेश

(D) मानसूनी जलवायु प्रदेश




प्र.10 निम्नलिखित विकल्पों में से भारत में उपनिवेशिक शासन के दौरान कौन-सा एक सामाजिक सुधार हुआ ?

(A) मतदान के अधिकार को 21 से 18 वर्ष करना (B) डाक व्यवस्था की शुरुआत

(C) रेलवे की स्थापना (D) सती प्रथा का अन्त

# सही उत्तर अंकित करने हेतु तालिका (कक्षा-8 सप्ताह-7)

| हिन्दी | | गणित | | विज्ञान | | सामाजिक विज्ञान | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) | प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) | प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) | प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) |
| 1. | | 1. | | 1. | | 1. | |
| 2. | | 2. | | 2. | | 2. | |
| 3. | | 3. | | 3. | | 3. | |
| 4. | | 4. | | 4. | | 4. | |
| 5. | | 5. | | 5. | | 5. | |
| 6. | | 6. | | 6. | | 6. | |
| 7. | | 7. | | 7. | | 7. | |
| 8. | | 8. | | 8. | | 8. | |
| 9. | | 9. | | 9. | | 9. | |
| 10. | | 10. | | 10. | | 10. | |

**शिक्षक हेतु निर्देश-**

- बच्चे द्वारा अंकित उत्तरों को संबंधित शिक्षक द्वारा जांचा जाए और निम्नांकित जानकारी भरी जाए। साथ ही निर्देशानुसार रिपोर्टिंग की जाए।
- प्रश्नों के मॉडल उत्तर प्रश्नबैंक में देखे जा सकते है।

**विषयवार सही उत्तरों की संख्या भरें (10 में से कितने उत्तर सही पाए?)**

| हिन्दी | गणित | विज्ञान | सामाजिक विज्ञान |
|---|---|---|---|
| | | | |